Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding Electrification of villages under Muzaffarpur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर एवं पूरे जिले के लगभग आठ प्रखंडों-मुशहरी, बोचहाँ, गायघाट, कटरा, तुर्की, मडवन, कॉटी एवं मीनापुर में संपोषण एवं विद्युतीकरण कार्य अभी तक नहीं कराया गया है । पूरे जिले में संपोषण एवं विद्युतीकरण कार्य की जिम्मेदारी मुजफ्फरपुर में कार्यरत एजेंसी (फ्रेंचाइजी) मुजफ्फरपुर विद्युत वितरण कपनी की है लेकिन इस एजेंसी द्वारा जिले के आठ प्रखंडों में अभी तक संपोषण एवं विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, जिस कारण पूरे जिले का विकास बाधित है और आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही लोगों में असंतोष व्याप्त है । विद्युत संरचना की दयनीय स्थिति न केवल जिले के आठ प्रखंडों में है बल्कि मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र में भी आई.पी.डी.एस. का कोई कार्य नहीं होने से शहरी क्षेत्र की स्थिति भी दयनीय है । इन सभी कार्यों के सम्पादन हेतु विशेष राशि के आबंटन की भी अति आवश्यक है ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि पूरे मुजफ्फरपुर जिले के उपरोक्त प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र के आमजनों की परेशानियों एवं उत्तरोत्तर विकास हेतु संपोषण एवं विद्युतीकरण एवं आई.पी.डी.एस. कार्य हेतु विशेष राशि आवंटन के साथ शीघ्र प्रारंभ कराया जाये ।